बिहार सरकार
अभियंता प्रमुख का कार्यालय
लघु जल संसाधन विभाग,
जल भवन, तृतीय तल्ला, राईडिंग रोड, शेखपुरा, पटना
E-mail Id- engg.chf-bih@gov.in

सं0सं0-अभि0प्र0/ल0ज0सं0वि0/परिवाद-11-16/2026 /पटना, दिनांक-

प्रेषक,

ई0 सुनील कुमार,
अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर ।

विषय - **मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्राधीन लघु सिंचाई प्रमण्डल, मधुबनी के अंतर्गत पुनर्निविदा के विरूद्ध प्राप्त परिवाद की अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के स्तर पर दिनांक-17.09.2026 को गठित समिति की आहूत समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध मे कहना है कि मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्राधीन लघु सिंचाई प्रमण्डल, मधुबनी के अंतर्गत पुनर्निविदा के विरूद्ध प्राप्त परिवाद की समीक्षात्मक बैठक अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के स्तर पर गठित समिति द्वारा दिनांक-17.09.2026 को आहूत की गयी। उक्त बैठक में लघु सिंचाई प्रमण्डल, मधुबनी के पुनर्निविदा के विरूद्ध प्राप्त परिवाद की समीक्षा हुई:-

क्र0	प्रमण्डल का नाम	पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या	कार्य का नाम
1	2	3	4
1	ल0सिं0प्रम0, मधुबनी	02/2026-27, ग्रुप सं0-01, टेंडर आई0डी0-136332	बभनदेई पोखर का जीर्णोद्धार कार्य ।

अतएव उक्त बैठक की कार्यवाही संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जाता है।

अनु0:- यथावत्।

विश्वासभाजन
ह0/-
(सुनील कुमार)
अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

ज्ञापांक :- /पटना, दिनांक :-

प्रतिलिपि :- अधीक्षण अभियंता(मु0), अनुश्रवण, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को अनुलग्नक की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0:- यथावत्।

ह0/-
अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

ज्ञापांक :- 1112 /पटना, दिनांक :- 17/09/26

प्रतिलिपि :- आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को 01 (एक) अदद समीक्षा प्रतिवेदन की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनु0:-यथावत्।

17/9/26
अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।
17/09/2026

D/PUSHPA/punarnivida draft

बिहार सरकार
अभियंता प्रमुख का कार्यालय
लघु जल संसाधन विभाग,
जल भवन, तृतीय तल्ला, राईडिंग रोड, शेखपुरा, पटना।

E-mail Id- engg.chf-bih@gov.in

लघु सिंचाई प्रमण्डल, मधुबनी अन्तर्गत पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2026–27, ग्रुप संख्या–01 बभनदेई पोखर का जीर्णोद्धार कार्य में प्राप्त परिवाद पर अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के स्तर पर गठित समिति की कार्यवाही :–

1.	कार्य का नाम	:–	बभनदेई पोखर का जीर्णोद्धार कार्य ।
2.	निविदा आंमत्रित करने वाले प्रमण्डल का नाम	:–	लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी
3.	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:–	161.967 लाख
4.	प्रशासनिक अनुमोदन की राशि एवं प्रसंग	:–	163.320 लाख
5.	परिमाण विपत्र की राशि	:–	1,60,77,214.00 लाख
6.	कार्य समाप्ति की अवधि	:–	एकरारनामा की तिथि से 12 माह
7.	निविदा की प्रक्रिया	:–	E-Tendering
8.	निविदा प्राप्ति की तिथि	:–	04.08.2026
9.	प्राप्त निविदा की संख्या	:–	06
10.	मुख्य अभियन्ता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर द्वारा तकनीकी निविदा समिति की बैठक की तिथि एवं कार्यवाही।	:–	संलग्न (पृ0सं0–104–103)
11.	मुख्य अभियन्ता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर द्वारा समर्पित तकनीकी बीड की तुलनात्मक विवरणी	:–	संलग्न (पृ0सं0–100)
12.	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण	:–	हाँ, प्रथम निविदा में L1 संवेदक द्वारा फर्जी अग्रधन की राशि जमा करने के कारण कालीकृत किया गया तथा प्रथम पुनर्निविदा में निविदादाता द्वारा डिबार होने के फलस्वरूप पुनः पुनर्निविदा किया गया।
13.	परिवादी का नाम	:–	वैष्णवी इन्टरप्राईजेज, मकान संख्या–सी/26, बिड़ला कॉलोनी, पो०।थाना–फुलवारीशरीफ, जिला–पटना का परिवाद।

D/Parivad 26

14.	परिवादी द्वारा दिया गया परिवाद की स्थिति	लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी अंतर्गत बभनदेई पोखर का जीर्णोद्धार कार्य योजना (Renit-02/2026-27, ग्रुप संख्या–01) की तकनीकी बीड की समीक्षा भवदीय के स्तर पर दिनांक–20.08.2026 को सम्पन्न की गयी, जिसके क्रम सं०–05 पर अंकित मेरी निविदा के विषय में उल्लेख किया गया है कि Tools & Plant का कागजात निविदा शर्त के अनुरूप नहीं पाया गया। अतएव मेरी तकनीकी निविदा को अमान्य किया गया है। इस संबंध में स्पष्ट करना है कि मेरे द्वारा निविदा में वांछित सभी Tools & Plant का कागजात बिहार सरकार द्वारा निर्धारित नियमावली/मानक के अनुरूप दिया गया है, जो कि सही एवं मान्य है। सम्भवतः तकनीकी निविदा समिति द्वारा भूलवश या अनजाने में मेरी निविदा को अमान्य कर दिया गया है। अतः भवदीय से सादर अनुरोध है कि मेरे द्वारा दी गयी निविदा को पुनः समीक्षा करते हुए मेरी निविदा को मान्य करने की कृपा की जाय।
15.	मुख्य अभियन्ता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर स्तर की निविदा समिति की अनुशंसा	अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, दरभंगा द्वारा निविदादाता वैष्णवी इन्टरप्राईजेज, मकान संख्या–सी/26, बिड़ला कॉलोनी, पो०+थाना–फुलवारीशरीफ, जिला–पटना के द्वारा Eproc-2 पर अपलोड किये गये Excavator के कोटेशन की जाँच ईमेल/विशेष दूत द्वारा Shankar Equipment Limited , Plot No-C-1, Industrial Area Patliputra Patna भेज कर करायी गयी, जिसमें Shankar Equipment Limited के पत्रांक–सेल/0010/2026 दिनांक–07.09.2026 द्वारा सूचित किया गया है कि कोटेशन नं०–SEL/EX210 LCPrime/2026/2027 दिनांक–27.07.2026 सही है। उक्त कोटेशन में अंकित वैद्यता दिनांक–31.07.2026 दिये गये डिस्कॉउन्ट के संबंध में है न की कोटेशन की वैद्यता है। साथही स्पष्ट किया गया है कि भुगतान (क्रय आदेश) प्राप्त होने पर एक सप्ताह में मशीन उपलब्ध करा दी जायेगी। समीक्षोपरांत पाया गया कि निविदादाता वैष्णवी इन्टरप्राईजेज, मकान संख्या–सी/26, बिडला कॉलोनी, पो०+थाना–फुलवारीशरीफ, जिला–पटना द्वारा Eproc-2 पर अपलोड किये गये Excavator के कोटेशन में कोटेशन की वैधता की तिथि स्पष्ट रूप से दिनांक–31.07.2026 अंकित है, परंतु जाँच के क्रम में Shankar Equipment Limited, Plot No-C-1, Industrial Area Patliputra Patna के पत्रांक–सेल/0010/2026 दिनांक–07.09.2026 के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक–31.07.2026 डिस्काउंट की तिथि अंकित किया गया है। Shankar Equipment Limited, Plot No-C-1, Industrial Area Patliputra Patna के पत्रांक–SEL/ Ex 210 LC PRIME /20262027/ 0067 दिनांक–27.07.2026 को निर्गत कोटेशन जो निविदा में निविदादाता द्वारा Eproc-2 पर अपलोड किया गया है एवं जाँच के क्रम में Shankar Equipment Limited, Plot No-C-1, Industrial Area Patliputra Patna का पत्रांक–सेल/0010/2026 दिनांक–27.09.2026 द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन में अंकित तथ्यों में भिन्नता पायी गयी। उपरोक्त तथ्य के आलोक में परिवादी के इस परिवाद को **अमान्य** किया जा सकता है। तकनीकी मूल्यांकण समिति द्वारा लिये गये निर्णय पर निर्णय लेने हेतु अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को भेजने का निर्णय लिया गया।

16.	अभियंता प्रमुख स्तर पर परिवाद निस्तारण हेतु समिति की समीक्षा	परिवादी के परिवाद की समीक्षा किया गया। समीक्षोपरांत पाया गया कि इनका Excavator से संबंधित कोटेशन का सत्यापन अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, दरभंगा के पत्रांक–820 दिनांक–05.09.2026 द्वारा Shankar Equipment Limited से कराया गया, उनके द्वारा स्पष्ट किया गया है कि Excavator से संबंधित कोटेशन नं0–SEL/EX210LCPrime/2026/2027 दिनांक–27.07.2026 सही है। उक्त कोटेशन में अंकित वैधता दिनांक–31.07.2026 तक दिये गये डिस्काउन्ट के संबंध में है न कि कोटेशन की वैधता है। भुगतान (क्रय आदेश) प्राप्त होने पर एक सप्ताह में उपलब्ध करा दी जायेगी। निविदा में संलग्न वैष्णवी इन्टप्राईजेज के शपथ–पत्र में Excavator, Shankar Equipment Limited से क्रय किया जायेगा, उल्लेखित है। इनका Excavator से संबंधित अभिलेख सही पाया गया। अतः परिवादी के परिवाद को **मान्य** किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता(मु0),
अनुश्रवण,
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना ।

मुख्य अभियंता
(यो0+अनु0+भू0),
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना ।

मुख्य अभियंता,
लघु जल संसाधन विभाग
भागलपुर।

अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना ।